समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी, हनुमानगढ़ के 2.10 लाख किसानों को मिला 42 करोड़ का लाभ

Publisher

Published on 02 Aug 2025




**हनुमानगढ़, 30 जुलाई 2025** — प्रधानमंत्री **नरेन्द्र मोदी** द्वारा शनिवार को **वाराणसी** से राष्ट्र को समर्पित की गई **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त** के अवसर पर हनुमानगढ़ में **भू अभिलेख हॉल** में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। देशभर के 9.70 करोड़ किसानों को 20,500 करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके खातों में ट्रांसफर की गई।

संवाददाता राजेश चौधरी
हनुमानगढ़ जिले के **2,09,929 किसानों** को कुल **41.98 करोड़ रुपए** की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। सैकड़ों किसानों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के संबोधन को **वीडियो कॉन्फ्रेसिंग** के माध्यम से लाइव देखा।

कार्यक्रम में किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। **कृषि विभाग** के सहायक निदेशक **बलकरण सिंह** ने **गुलाबी सुंडी** से कपास की फसल को बचाने के लिए **फेरोमोन ट्रैप** के उपयोग पर विशेष व्याख्यान दिया। मौके पर किसानों को **100 से अधिक फेरोमोन ट्रैप निःशुल्क वितरित** किए गए।

**भादरा विधायक संजीव बेनीवाल** ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा की गई इस ऐतिहासिक राशि ट्रांसफर से किसानों को उन्नत बीज, खाद, फसल बीमा इत्यादि में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि जिले में **नोहर के 48 हजार** और **भादरा के 47 हजार** से अधिक किसान इस योजना से लाभान्वित हुए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि **मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना** के तहत राज्य सरकार भी हर पात्र किसान को ₹3000 प्रतिवर्ष सीधे खाते में दे रही है, जिससे प्रदेश में किसानों का मनोबल बढ़ा है।

कार्यक्रम में **जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव**, **पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची**, **पूर्व विधायक गुरदीप शाहपीनी**, **जनप्रतिनिधि अमित साहू**, **एडीएम उम्मेदीलाल मीना**, **एएसपी जनेश तंवर**, **सहकारी बैंक के सीएम नरेश शुक्ला**, **एसडीएम मांगीलाल**,

**एडवोकेट संजय शर्मा** और अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.